हिन्दी दैनिक

RNI-BIHHIN/2012/43368

# नवशक्ति

www.navshaktinews.in

navshakti news paper patna

वर्ष : 13, अंक : 297 | पटना, शुक्रवार, 20 दिसम्बर, 2024 | पृष्ठ, : 8 मूल्य : दो रुपये

## मुख्यमंत्री ने 'हमारा बिहार, हमारी सड़क' मोबाइल ऐप का किया लोकार्पण

**पटना।** मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज 01, अण्णे मार्ग स्थित 'संकल्प' से 'हमारा बिहार हमारी सड़क' मोबाइल ऐप का रिमोट का बटन दबाकर लोकार्पण किया। ग्रामीण कार्य विभाग अंतर्गत इस एंड्रॉयड आधारित मोबाइल ऐप का निर्माण किया गया है।

मोबाइल ऐप का लोकार्पण करने के पश्चात मुख्यमंत्री ने कहा कि इस अत्याधुनिक तकनीक के माध्यम से न केवल ग्रामीण क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था सुधरेगी बल्कि जनता की भागीदारी से बुनियादी ढांचे के विकास में भी तेजी आएगी। उन्होंने कहा कि सभी सड़कें मेंटेन रहें, इसका विशेष ख्याल रखें। जनता द्वारा जो शिकायतें प्राप्त होंगी, उसका त्वरित समाधान करना सुनिश्चित करें। समस्याओं का समाधान करने के लिये लगातार मॉनिटरिंग करते रहें। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीण कार्य विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार सिंह ने 'हमारा बिहार हमारी सड़क' मोबाइल ऐप की कार्य पद्धति के बारे में विस्तृत जानकारी दी। ज्ञातव्य है कि 'हमारा बिहार हमारी सड़क' मोबाइल ऐप के माध्यम से आमजन अब सड़कों की खराब स्थिति जैसे गड्ढे, क्षतिग्रस्त किनारे और अन्य समस्याओं की रिपोर्ट विभाग को कर सकेंगे। यह ऐप पूरे राज्य में उपलब्ध होगा और लोगों को आसानी से सड़क संबंधी समस्याओं को साझा करने का एक प्लेटफार्म प्रदान करेगा। ऐप पर किसी भी सड़क की खराब स्थिति का विवरण और उसकी तस्वीरें अपलोड की जा सकेंगी। मोबाइल ऐप निर्मित करने का उद्देश्य राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों की देखभाल और रखरखाव में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करना है।यह ऐप राज्य के सभी प्रखंडों के अनुरक्षणाधीन 65,000 किलोमीटर ग्रामीण सड़कों की सूची प्रदान करेगा। उपयोगकर्ता अपने प्रखंड की सड़क का चयन कर सकते हैं और गड्ढों या अन्य समस्याओं की रिपोर्ट फोटो के साथ दे सकते हैं। 'हमारा बिहार हमारी सड़क' ऐप के माध्यम शिकायत दर्ज करने के बाद, संबंधित अधिकारी के द्वारा उस समस्या को तय समय सीमा में हल किया जाएगा और समस्या समाधान की स्थिति को भी ऐप के माध्यम से अपडेट किया जाएगा। एक बार समस्या हल हो जाने के बाद, संबंधित



अधिकारी पुनः मरम्मत स्थल की तस्वीर अपलोड करेंगे। इससे ग्रामीण सड़कों के अनुरक्षण एवं रखरखाव प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित होगी।यह ऐप नागरिकों और सरकार के बीच सीधे संवाद को बढ़ावा देने के लिए विकसित किया गया है। 'हमारा बिहार हमारी सड़क' ऐप अब गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध होगा। इसे डाउनलोड कर नागरिक अपनी शिकायतें दर्ज कर सकते हैं और बिहार की सड़कों को बेहतर बनाने में अपना योगदान दे सकते हैं। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री को ग्रामीण कार्य विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार सिंह ने हरित पौधा भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम में ग्रामीण कार्य मंत्री श्री अशोक चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्य सचिव श्री अमृतलाल मीणा, विकास आयुक्त श्री प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ० एस० सिद्धार्थ, ग्रामीण कार्य विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, ग्रामीण कार्य विभाग के अभियंता प्रमुख सह अपर आयुक्त सह विशेष सचिव श्री भगवत राम, ग्रामीण कार्य विभाग के अभियंता प्रमुख श्री श्रीप्रकाश सहित ग्रमीण कार्य विभाग के अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## संसद में राहुल गांधी का अहंकारी व हिंसक चेहरा दिखा: रविशंकर प्रसाद

**पटना।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं पटना साहिब सांसद रविशंकर प्रसाद ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि मोहब्बत की दुकान चलाने का झूठा दावा करने वाले राहुल गांधी का अहंकारी व हिंसक चेहरा आज सामने आ गया। विपक्ष के नेता के महत्वपूर्ण पद पर बैठे राहुल गांधी आज नॉर्थ ईस्ट से महिला सांसद श्रीमती एस फंगनोंन कोन्याक जी के साथ अशोभनीय व्यवहार तथा सांसदों को धक्का दिया जिसमें भाजपा के वरिष्ठ सांसद श्री प्रताप सारंगी जी और श्री मुकेश राजपूत जी को गंभीर चोटें आई हैं, जिनका उपचार अस्पताल में चल रहा है। राहुल गांधी टेलिविजन पर साफ कहते दिखाई पड़ रहे है कि उन्होंने धक्का दिया है। राहुल गांधी देश के एक पूर्व प्रधानमंत्री के पुत्र, एक पूर्व प्रधानमंत्री के पौत्र और एक पूर्व प्रधानमंत्री के प्रपौत्र है। इन सबों के विरासत पर आज राजनीति करते है और ये है इनके संस्कार जिसमें अहंकार और हिंसा है। आज राहुल गांधी ने संसद की मयार्दा को तार-तार किया है। कांग्रेस और राहुल गांधी ने सदैव बाबासाहेब अंबेडकर जी का अपमान किया है , उनके चुनाव में उनका विरोध किया था और देश के कानून मंत्री के पद से दवाब देकर इस्तीफा दिलवाया था। उनको भारत रत्न तक नहीं दिया और आज अंबेडकर जी के सम्मान का एक झूठा नाटक कर रहे हैं। देश सारी सच्चाई को जानता है, ये कांग्रेस पार्टी के नेता का पूरा आचरण निंदनीय और भर्त्सना योग्य है।

## मुख्यमंत्री ने परिवहन विभाग की 43 डिलक्स बसों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**पटना।** मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज 1, अण्णे मार्ग से परिवहन विभाग की 43 डिलक्स बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के पूर्व डीलक्स बस का मुख्यमंत्री ने निरीक्षण किया और बस में दी जा रही सुविधाओं की विस्तृत जानकारी ली। ज्ञातव्य है कि नयी डीलक्स बसों के परिचालन से राज्य के विभिन्न हिस्से में लोगों को सुविधाजनक और आरामदायक यात्रा का अनुभव मिलेगा। सस्ती, सुलभ, सुगम, सुरक्षित अत्याधुनिक सुविधायुक्त परिवहन सेवा उपलब्ध कराने के लिए इन 43 डिलक्स बसों का परिचालन राज्य के विभिन्न अंतरक्षेत्रीय मार्गों पर



किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान परिवहन विभाग के सचिव श्री संजय कुमार अग्रवाल ने मुख्यमंत्री को हरित पौधा भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री श्री विजय कुमार सिन्हा, परिवहन मंत्री श्रीमती शीला कुमारी, ग्रामीण कार्य मंत्री श्री अशोक चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्य सचिव श्री अमृतलाल मीणा, विकास आयुक्त श्री प्रत्यय अमृत, परिवहन विभाग के सचिव श्री संजय कुमार अग्रवाल, राज्य परिवहन आयुक्त श्री नवीन कुमार सहित परिवहन विभाग के अन्य वरीय अधिकारी रहे मौजूद।

## लोकतंत्र पर भाजपा के कुत्सित तानाशाही मानसिकता का कुठाराघात है:अखिलेश सिंह

**पटना।** भाजपा सांसदों के द्वारा कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी , अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे समेत इंडिया ब्लॉक के कई वरिष्ठ सांसदों को गुंडागर्दी के बल पर संसद भवन में नहीं घुसने देने की घटना की बिहार प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने घोर निंदा की है।उन्होंने कहा है कि यह लोकतंत्र पर भाजपा के कुत्सित तानाशाही मानसिकता का कुठाराघात है। भाजपा के सांसद पीएम मोदी तथा गृह मंत्री शाह के इशारे पर लोकतंत्र तथा संविधान का गला घोंटना चाहते हैं।आज जो भी संसद भवन में घटित हुआ वह किसी भी लहजे में लोकतांत्रिक व्यवस्था के अंतर्गत उचित नहीं माना जा सकता है। उन्होंने कहा कि इतना ही नहीं एक तरफ तो भाजपा के सांसद लोकतंत्र के मंदिर संसद भवन परिसर में विपक्षी सांसदों के साथ हिंसा तथा मारपीट पर उतारू हो गए। उन्हें बलपूर्वक संसद भवन में घुसने नहीं दिया।हद तो यह हो गए कि इतना सब करने के बावजूद भाजपा के सांसद पूर्ण बेशर्म राजनीतिक शैली का सहारा लेते हुए उल्टा चोर कोतवाल को डांटे की कहावत को चरितार्थ करते हुए आरोप भी कांग्रेस के सांसदों पर लगा रहे हैं।



बिहार प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि आज संसद सत्र के दौरान जब इंडिया ब्लॉक के सांसद राहुल गांधी तथा मल्लिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व में गृह मंत्री के खिलाफ अंबेडकर प्रतिमा के समक्ष प्रदर्शन करने के उपरांत मकर द्वार से संसद भवन की ओर जा रहे थे।तो भाजपा के सांसदों ने पूर्व नियोजित साजिश के तहत उन पर हमला किया। इस घटना में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के घुटने में चोट आई है।उनके घुटने का हाल में ही सर्जरी हुआ था। इंडिया ब्लॉक के कई अन्य सांसदों को भी इस धक्का मुक्के में हल्की चोटें पहुंची है। उन्होंने कहा की संसद में विपक्ष को खामोश नहीं कर पाने से कुंठित भाजपाई सांसदों ने संसद भवन परिसर में गुंडागर्दी तथा हिंसा पर उतारू होकर विपक्ष के सांसदों को भयभीत करने का खुलेआम प्रयास किया है।

देश की जनता इस प्रकार के आचरण को देख रही है।एक तरफ तो बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर का गृह मंत्री अमित शाह अपमान करते हैं और जब विपक्ष के सांसद इसके खिलाफ आवाज बुलंद करते हैं ,तो भाजपा के सांसद गुंडागर्दी के शैली में विपक्ष की आवाज को दबाने का प्रयास किया जाता है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में इस प्रकार के आचरण का कोई स्थान नहीं है।उन्होंने कहा कि आज की घटना को लोकतंत्र के इतिहास पर काला धब्बा कहा जाएगा। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब के अपमान करने वाले अब संविधान की धज्जियां उड़ाकर देश में तानाशाही कायम करना चाहते हैं ,लेकिन कांग्रेस पार्टी कल भी ऐसे संविधान विरोधी ताकतों से लोहा लेते रही है और आगे भी ऐसे संविधान विरोधी शक्तियों को अपने नापाक मंसूबों को पूरा करने में सफल नहीं होने देगी।

बिहार प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ अखिलेश सिंह संसद परिसर में घटी इस घटना को लेकर केंद्र के मोदी सरकार को पूरी तरह से जिम्मेदार ठहराया है।

## मुख्यमंत्री ने सुप्रसिद्ध साहित्यकार महेन्द्र मलंगिया को साहित्य अकादमी पुरस्कार मिलने पर अपनी शुभकामनायें दी

**पटना।** मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने सुप्रसिद्ध मैथिली साहित्यकार श्री महेन्द्र मलंगिया को वर्ष 2024 का साहित्य अकादमी पुरस्कार मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुये अपनी शुभकामनायें दी हैं। मधुबनी जिला के रहिका प्रखण्ड के मलंगिया के निवासी मैथिली साहित्यकार श्री महेन्द्र मलंगिया को उनके मैथिली निबंध श्रेणी ₹प्रबंध संग्रह₹ के लिये साहित्य अकादमी पुरस्कार-2024 दिया गया है।मुख्यमंत्री ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि यह बिहार के लिये बेहद गौरव की बात है। बिहार के सपूत को मैथिली साहित्य में साहित्य अकादमी पुरस्कार मिलना नई पीढ़ी को प्रेरणा प्रदान करेगा। उन्होंने कहा है कि बिहार से ताल्लुक रखने वाले रचनाकार की इस उपलब्धि पर सम्पूर्ण बिहारवासियों को गर्व है।

## सरकार की पहल में राजनीति दिखती है ईमानदारी नहीं : सुदेश महतो

**रांची।** जनता से किए सभी वादे पूर्ण करने की दिशा में कार्य करे सरकार। इनकी मंशा हमेशा से मुद्दों से पलायन की रही है। महिलाओं, किसानों, युवाओं के साथ हकमारी न हो यह सुनिश्चित किया जाए। सरकार की पहल में राजनीति दिखती है ईमानदारी नहीं। स्थानीय, नियोजन और विस्थापन नीति बनाने के साथ ही जातीय सर्वेक्षण का वादा जल्द पूरा करे सरकार। समय के साथ राजनीति ने भी अपना चरित्र बदला है और इस बदली हुई परिस्थिति में उत्पन्न चुनौतियों का पूरी मजबूती से सामना करना है।

उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने हरमू स्थित केंद्रीय कार्यालय में आयोजित केंद्रीय पदाधिकारियों की बैठक में कही। इस दौरान चुनाव परिणाम की समीक्षा, पार्टी के भावी कार्यक्रमों और संगठन विस्तार समेत विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में केंद्रीय



पदाधिकारियों के साथ सभी जिला अध्यक्ष, कार्यकारी अध्यक्ष और जिला महासचिव भी शामिल हुए।

संघर्ष से घबराने वाली नहीं बल्कि संघर्ष से निखरने वाली पार्टी है आजसू। जनादेश के अनुसार पर मजबूत विपक्ष की भूमिका निभाने के लिए हम तैयार हैं। हम जनता की आवाज को सड़क से सदन तक पहुँचाने का काम करेंगे। राज्यवासियों की आवश्यकता के अनुरूप पूरी ऊर्जा के साथ पार्टी के सभी कार्यकर्ता कार्य करेंगे। चुनाव परिणाम को हम नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ने के अवसर के रूप में देखते हैं। हमारी प्राथमिकता जनता की सेवा करना और उनके विश्वास को प्राप्त करना है। इसके लिए हम पूर्व की ही तरह जनता के बीच में रहेंगे और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए संघर्ष करेंगे। जनता के हक अधिकार की बेहतर प्रहरी बनकर लोगों के बीच में रहेगी आजसू पार्टी। पार्टी के सभी स्तर और इकाइयों के पदाधिकारियों से फीडबैक लिया जा रहा है। फीडबैक के आधार पर भविष्य के कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की जाएगी। संगठन विस्तार और मजबूती हमारी प्राथमिकता होगी।

## भाजपा के अहंकार को तोड़कर सत्ता से हटाएगी:राजेश राठौड़

**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पहुंचकर हिंसा तथा तोड़फोड़ पर उतरे भाजयुमो कार्यकताओं को लेकर बिहार प्रदेश कांग्रेस मीडिया कमेटी के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने इस घटना की तीखी निंदा करते हुए कहा कि ऐसी घटनाएं लोकतंत्र में शर्मसार कर देने वाली है। उन्होंने कहा है कि आज भाजयुमो के कार्यकताओं का एक जत्था सोची-समझी साजिश के तहत कांग्रेस मुख्यालय पर हमला करने के उद्देश्य से आया था।जिसे कांग्रेस के कार्यकताओं ने खदेड़ कर विफल कर दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा पूरे देश में गृह मंत्री अमित शाह के इशारों पर डराने की राजनीति कर रही है।पहले विपक्ष के बड़े नेताओं के खिलाफ सीबीआई-आईटी तथा ईडी का इस्तेमाल किया जाता था,लेकिन अब विपक्ष के सभी नेताओं-कार्यकताओं के जुबान को बंद करने के लिए भाजपा कार्यकर्ता पाले हुए लठैतों की तरह व्यवहार करने लगी है।उन्होंने कहा कि संसद भवन से लेकर पटना के कांग्रेस कार्यालय तक किए गए भाजपा कार्यकताओं की गुंडागर्दी लोकतंत्र के इतिहास में एक धब्बा है।उन्होंने कहा कि भाजपा इस प्रकार की घटनाओं को अंजाम देकर एक गलत परंपरा को आरंभ कर रही है,जो देश की राजनीतिक शुचिता के लिए बेहद खतरनाक है।उन्होंने कहा कि आज की घटना ने यह प्रमाणित कर दिया कि भाजपा अपने विरोधियों का मुंह बंद करने के लिए किसी भी हद तक जा सकती है।

# बिहार बिजनेस कनेक्ट 2024 की शानदार शुरूआत

**पटना।** बिहार सरकार की बहुप्रतीक्षित दो दिवसीय ₹बिहार बिजनेस कनेक्ट 2024-ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट₹ की शुरूआतआज उद्योग विभाग, बिहार द्वारा पटना के ज्ञान भवन में किया गया।माननीय उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी ने मुख्य अतिथि के रूप मेंकार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। उनके अतिरिक्त, माननीय उप मुख्यमंत्री श्रीविजय कुमार सिन्हा, माननीय उद्योग-सह-पर्यटन मंत्री श्री नीतीश मिश्रा एवंमाननीय श्रम मंत्री श्री संतोष कुमार सिंह ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दी। बिहार बिजनेस कनेक्ट 2024 उद्योग विभाग, बिहार सरकार की एक ऐतिहासिक पहल है, जिसका मुख्य उद्देश्य राज्य के औद्योगिक विकास को प्रोत्साहित करना है।

कार्यक्रम के पहले दिन आज कुल छह सत्र आयोजित किए। पहला सत्र ₹बिहार में निवेश के अवसर₹ थीम पर आधारित था। कार्यक्रम की शुरूआतपहले सत्र में बिहार गीत एवं उपस्थित गणमान्य अतिथियों द्वारा कपूर के पौधे में पानी अर्पित किया गया, जो बिहार सरकार द्वारा पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ता है। श्री अलोक रंजन घोष, निदेशक, उद्योगविभाग, ने गणमान्य अतिथियों और देशभर से आए निवेशकों एवं श्रोताओं का अभिवादन स्वागत सम्बोधन से किया। वहीं श्रीमती बन्दना प्रेयषी, सचिव, उद्योग विभाग, ने पहले सत्र के थीम ₹बिहार में निवेश के अवसर₹ विषय पर एक व्यापक प्रस्तुति दी। इसमें उन्होंने बिहार में उद्योग की अपार संभावनाओं पर प्रकाश डाला और सरकार द्वारा संचालित विभिन्न प्रोत्साहन नीतियों की विस्तृत जानकारी दी।

सत्र को संबोधित करते हुए माननीय उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी ने कहा, ह्लमाननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी के नेतृत्व में बिहार में आज विभिन्न क्षेत्रों के विकास के लिए अनुकूल माहौल बना है। यहाँ हर क्षेत्र के विकास के लिए सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध है। हमारे यहाँ कृषि का इतिहास काफी समृद्ध रहा है। बिहार कई फसलों के



उत्पादन के मामले में सर्वोच्च है जैसे की मक्का, मशरुम, मखाना इत्यादि। यह फूड प्रोसेसिंग उद्योग के लिए अनुकूल परिस्थिति उपलब्ध कराता है। साथ ही, हम उद्योगों के लिए भूमी की समस्या को भी बड़ी तत्परता से हल कर रहे हैं। इंफ्रास्ट्रचर और पर्यटन में भी बिहार अभूतपूर्व प्रगति कर रहा है।

सत्र को संबोधित करते हुए माननीय उप मुख्यमंत्री श्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा, ह्लबिहार के उद्योगों का भी एक समृद्ध इतिहास रहा है। पिछले दो दशकों में हमने माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश मिश्रा के दिशानिर्देश में यहाँ के औद्योगिक नींव को और मजबूत किया है, जिसका परिणाम है कि निवेशकों की रूचि बढ़ी है। हम पिछले डेढ़ दशकों से डबल डिजिट ग्ग्रोथ को कायम रखा है। राज्य में उद्योगों के सभी क्षेत्रों में तेजी से प्रगति हो रही है। आज पहली बार बिहार माइंस के मामले में देश के मानचित्र पर तेजी से उभरा है। साथ ही हमने फिल्म के विकास के हमने अनुकूल नीति बनाई है और शूटिंग के लिए बेहतर लोकेशन का निर्माण किया है। इसके अलावा हम इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के मामले में आज देश में एक उदहारण बन चुके हैं। आनेवाले समय में बिहार सफलता की नई कहानी लिखने को तैयार है।

सत्र को संबोधित करते हुए माननीय श्रम मंत्री श्री संतोष कुमार सिंह ने कहा, मानव संसाधन उद्योगों के विकास के लिए आवश्यक है और बिहार इस मामले में धनी है। यहाँ की युवा शक्ति में अद्भुत क्षमता है, जिसकी पूरी क्षमता के उपयोग के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। माननीय मुख्यमंत्री के नेतृत्व में हम लगातार स्किलिंग पर काम कर रहे हैं।

आज हमारे यहाँ 2400 से अधिक स्किल केंद्र हैं जो युवाओं को उद्योगों की आवश्यकता के अनुसार कौशल विकास में मदद कर रहे हैं।

# जनता के द्वार कार्यक्रम के माध्यम से जेपी का संदेश पहुंचायेगी जनता पार्टी : जयप्रकाश बंधु

**पटना।** लोकनायक जयप्रकाश नारायण के द्वारा देश की सत्ता परिवर्तन के लिए बनायी गयी जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयप्रकाश बंधु ने कहा कि उनकी पार्टी बिहार में जनता के द्वार जनता पार्टी के नेता कार्यक्रम चलायेगी। इस कार्यक्रम के माध्यम से उनकी पार्टी बिहार में व्यवस्था परिवर्तन का बिगुल फूंकेगी और जेपी के संदेश को जनता तक पहुंचायेगी। जयप्रकाश बंधु राजधानी के महाराष्ट्र मंडल सभागार में जनता पार्टी के कार्यकताओं को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर कांग्रेस पार्टी के कमल किशोर ठाकुर व भाजपा के रविभूषण रस्तोगी ने अपनी पार्टी छोड़कर जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर जयप्रकाश बंधु ने कहा कि बिहार की धरती राजनति में बदलाव की अगराई ले रही है और राजनीतिक विकल्प की तलाश कर रही है उनकी पार्टी जनता पार्टी बेहतर विकल्प देगी। उनकी पार्टी आर्थिक राष्ट्रवाद की पक्षधर है और उनकी गरीबी की जगह अमीरी का पैमाना तय करेगी। उन्होंने कहा कि जेपी के नाम पर समाजवाद की शपथ लेनेवाले लोग अब जातिवाद व परिवारवाद की राजनीति में उलझ गये है इस राजनीति को खत्म करने के लिए उनकी पार्टी बिहार में सभी सीटों पर अपनी जड़ मजबूत करेगी। उन्होंने कहा कि कुछ लोग उनकी पार्टी के नाम पर भ्रामक बाते कहकर राजनीति को प्रभावित कर रहे हैं उनपर उनकी पार्टी कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि



जब चुनाव आयोग का फैसला उनके पक्ष में है तब लोग क्या कह रहे जनता उनपर विश्वास नहीं करेगी। उन्होंने डॉ अम्बेदकर पर केन्द्रीय मंत्री के दिये गये बयान की निंदा की और कहा कि ये लोग कुछ करें डॉ अम्बेदकर व अन्य महापुरूषों की बराबरी नहीं कर सकते। इस मौके पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार ने कहा कि भ्रष्टाचार सरकार के पैसे नहीं बल्कि जनता के टैक्स के पैसे का होता है उनकी पार्टी इसी संदेश को बताने के लिए जनता के द्वार जायेगी।

कार्यक्रम का संचालन प्रदेश महासचिव हर्ष कुमार, स्वागत प्रदेश उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार एवं धन्यवाद ज्ञापन मनोज निषाद ने किया। इस मौके पर राष्ट्रीय महासचिव सह बिहार प्रभारी संतोष श्रीवास्तव, ब्रजेश कुमार राष्ट्रीय किसान नेता कॉडी हल्ली चन्द्रशेखर, राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष डॉ एन वाणी सेट्ठी, राष्ट्राय युवा अध्यक्ष गोरव मौर्य, राष्ट्रीय पिछड़ा अध्यक्ष विनय कुमार शाह,यूपी अध्यक्ष पद्माकर सिंह सोनी, कर्नाटक के महासचिव एस नागेश, सचिव कर्नाटका पुट्ठ राजू, मंजुनाथ, प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मवीर कुमार, इन्द्रजीत कुमार, बेबी देवी, कपिलदेव यादव, शैलेश कुमार सिन्हा, राा देवी, नेहा कुमारी, भोला यादव, बच्चन जी, अविनाश कुमार, ब्रजेश कुमार, वैद्यनाथ ठाकुर सहित कई नेता मौजूद थे।

# राहुल गांधी ने लोकतांत्रिक मूल्यों को ताख पर रखा, देश से माफी मांगें राहुल–ऋतुराज सिन्हा

**पटना।** लोकतंत्र के मंदिर संसद भवन में आज हुई घटना पर भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा ने कड़ी निंदा करते हुए कहा कि आज कांग्रेस ने संविधान को तार-तार कर दिया ।जिस तरीके से भाजपा के दो सांसद प्रताप सारंगी और मुकेश राजपूत के साथ बर्बरता की गई , इतना ही नहीं नागालैंड की एकमात्र राज्यसभा सांसद कोन्याक ने तो यह भी बताया कि राहुल जी उनके निकट आकर इस तरह चिल्लाने लगे जिससे वे असहज और असुरक्षित महसूस कर रही थीं। यह दशार्ता है कि इंडिया एलायंस के लोग सता में क्यों आना चाहते है ?संविधान के खतरे की दुहाई देने वाले यह लोग आज खुद संविधान को अपने करतूत से रौंद रहे हैं जिसे भारत की जनता ने अपनी आंखों से देखा है।



ऋतुराज सिन्हा ने राहुल गांधी के इस अपराध और उसपर उनके बयान पर हमला किया है। ऋतुराज सिन्हा ने राहुल के कृत्य पर कड़ी आपत्ति व्यक्त करते हुए कहा कि राहुल गांधी अपनी खीज मिटाने के लिए अब हिंसा पर उतर आए हैं जो लोकतंत्र की सेहत के लिए अच्छा नहीं है। भाजपा के सांसदों ने अपने ऊपर नियंत्रण रखा इसका मतलब कदापि यह नहीं है कि वे डर गए हैं। भारतीय जनता पार्टी लोकतांत्रिक मूल्यों पर भरोसा और विश्वास करती है इसलिए हमने अपने आप पर नियंत्रण रखा लेकिन अब राहुल गांधी को पूरे देश से माफी मांगनी चाहिए और हम प्रशासन से इनपर उचित कानूनी करवाई की मांग करते हैं ।राहुल गांधी जी के सानिध्य में रहकर बिहार के राजद नेता भी अपना आपा खो रहे हैं ,भाषा की मयार्दा को भूलकर जिस तरह उन्होंने गृह मंत्री पर जो टिप्पणी की है वह घोर निंदनीय है और इसकी कड़ी आलोचना होनी चाहिए।

## आज का दिन लोकतंत्र और संसद की गरिमा को शर्मसार करने वाला रहा है : चिराग पासवान

**पटना।** लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान जी ने विपक्ष के नेता के द्वारा देश की संसद में किये गए बर्ताव पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा आज का दिन लोकतंत्र और संसद की गरिमा को शर्मसार करने वाला रहा है। जिस तरीके से नेता विपक्ष ने माननीय सांसदों से व्यवहार किया, वह उनके अहंकार को दशार्ता है। यह कहीं से भी उचित नहीं है। संसद के प्रवेशद्वार पर वे प्रदर्शन कर रहे थे। अगर नेता विपक्ष चाहते तो बगल से भी निकल सकते थे, लेकिन सांसदों के बीच से जिस तरीके से वे धक्का देते हुए गए, यह उनके घमंड और गुरूर को दशार्ता है। बुजुर्ग और दलित सांसद को रौंदते हुए वे बीच से गए, दो सांसद अस्पताल में हैं। यह कतई बर्दाश्त के काबिल नहीं है।

## हर घर नल का जल : संवेदकों पर विभाग सख्त; कार्य नहीं करने वाले दो संवेदक काली सूची में डाले गए

**पटना।** हर घर नल का जल निश्चय के क्रियान्वयन में लापरवाही बरतने पर विभाग ने सख्त कार्रवाई करते हुए दो संवेदकों को 03 वर्षों के लिए काली सूची में डालने का निर्णय लिया है। लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के प्रधान सचिव, श्री पंकज कुमार ने जलापूर्ति योजनाओं से संबंधित सभी संवेदकों को सख्त निर्देश दिया है कि यदि जलापूर्ति योजनाओं के क्रियान्वयन में संवेदकों के स्तर से कोई भी लापरवाही या शिथिलता पाई जाती है, तो विभाग उनके खिलाफ आगे भी कठोर कार्रवाई करेगा।

लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग अंतर्गत संवेदक श्री अभिषेक कुमार को भागलपुर जिला अंतर्गत मुख्यमंत्री पेयजल निश्चय योजना के क्रियान्वयन हेतु एकरारनामा के तहत जलापूर्ति योजना का क्रियान्वयन बार-बार स्मार एवं चेतावनी देने के बाद भी नहीं करने के कारण मुख्य अभियंता, भागलपुर प्रक्षेत्र भागलपुर से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में फर्म को काली सूची में डालने का आदेश निर्गत किया गया है। इसी प्रकार मेसर्स गेरोन इंजीनियरिंग गाज़ियाबाद (उत्तर प्रदेश) को अररिया जिला अंतर्गत मुख्यमंत्री पेयजल निश्चय योजना के क्रियान्वयन हेतु योजनाओं में कड‌ळ ऊ्रेी अधिष्ठापन सहित कड‌ळ ऊ्रेी का मरम्मति एवं संपोषण कार्य बार-बार स्मार एवं चेतावनी देने के बाद भी नहीं करने के कारण मुख्य अभियंता, पूणियाँ प्रक्षेत्र पूर्णियाँ से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में फर्म को काली सूची में डालने का आदेश निर्गत किया गया है।

# मंत्री नितिन नवीन ने 65 नगर प्रबंधकों को दिया नियोजन पत्र, नई उर्जा और टीमवर्क के जज्बे के साथ काम करने का दिया निर्देश

**पटना।** आज दिनांक 19 दिसंबर को बिहार के नगर विकास एवं आवास मंत्री माननीय श्री नितिन नवीन जी द्वारा 65 नगर प्रबंधकों को नियोजन पत्र दिया गया। इस दौरान उनके साथ विभाग के सचिव अभय सिंह जी, संयुक्त सचिव वर्षा सिंह जी, आवास बोर्ड के प्रबंधक निर्देशक राजीव जी, नगर आयुक्त अनिमेष पराशर जी समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



वहीं, नियोजन पत्र वितरण के बाद माननीय मंत्री जी ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि मैं आप सभी को बहुत-बहुत बधाई देता हूं। मैं चाहता हूं कि आप सभी एक नए ऊर्जा के साथ काम करें और विभाग एवं खुद को नए मुकाम तक पहुंचाए। आपका होने वाला अनुभव और अध्यन विभाग के लिए काफी लाभदायक होगा। वहीं, माननीय मंत्री जी ने बताया कि अगले कुछ महीनों में बाकी रिक्त पदों को भी यथाशीघ्र भरा जायेगा। इसके लिए प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। फिलहाल सभी नगर प्रबंधकों को वरिय अधिकारियों से गाइडलाइन मिलता रहेगा ताकि वो खुद को एक बेहतर सिटी मैनेजर के रूप में विकसित कर पाए। आप सभी को डिसीजन मेकर के रूप में खुद को विकसित करना होगा।

इसके साथ ही उन्होंने बताया कि राज्य के विभिन्न नगर निकायों में नागरिक सुविधाओं से संबंधित विकास कार्यों को देखने के लिए विभाग द्वारा 65 नगर प्रबंधकों को नियुक्ति किया गया है। इनमें 19 महिलाएं भी है। नए नगर प्रबंधक की टीम द्वारा नगर निकायों में संचालित योजनाओं / परियोजनाओं के कार्यान्वयन में आ रही कठिनाईयों और जमीनी स्तर की समस्याओं के निष्पादन का काम किया जायेगा। साथ ही पब्लिक फिडबैक के जरिए उसका सामाधान निकालने का प्रयास करेगी। गौरतलब हो कि सभी नगर प्रबंधक केन्द्र तथा राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के नोडल पदाधिकारी के रूप में कार्य करेंगे। नगर प्रबंधक नगर निकायों की वित्तीय स्थिति में सुधार तथा राजस्व उन्नयन हेतु सुझाव व कार्य योजना प्रस्तुत करेंगे। वहीं, नगर प्रबंधकों द्वारा राज्यस्तीर योजना जैसे कि मुख्यमंत्री निश्चय योजना, जल जीवन हरियाली योजना, पेय जलापूर्ति योजना, सम्राट अशोक भवन निर्माण, स्ट्रीट लाईट, शवदाह गृह, बस स्टैंड एवं केन्द्र प्रायोजित योजनाओं का कार्यान्वयन भी किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### नालंदा, बिहार की गोल्डी कुमारी ने डिस्कस थ्रो में स्वर्ण और जेवलिन थ्रो में कांस्य पदक जीता



**पटना।** 1 से 7 दिसंबर 2024 तक थाईलैंड में आयोजित 'वर्ल्ड एबीलिटी यूथ गेम्स 2024' में नालंदा,बिहार की गोल्डी कुमारी ने दो पदक जीत कर राज्य का नाम रोशन किया है। इस बात की जानकारी देते हुए बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक सह मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवीन्द्रण शंकरण ने बताया कि गोल्डी कुमारी ने इस विश्वस्तरीय प्रतियोगिता के डिस्कस थ्रो प्रतिस्पर्धा में स्वर्ण पदक तथा जेवलिन थ्रो में कांस्य पदक जीता है । आगे बताया कि गोल्डी कुमारी को इस वर्ष का प्रतिष्ठित प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2024 के लिए भी चुना गया है और 26 दिसंबर को सुबह 10 बजे राष्ट्रपति भवन में देश के राष्ट्रपति इस सम्मान से गोल्डी को सम्मानित करेंगें ।गोल्डी कुमारी की इस शानदार सफलता से ना सिर्फ बिहार का सम्मान बढ़ा है बल्कि राज्य के दूसरे खिलाड़ियों का मनोबल भी काफी बढ़ा है।

### चंद्रमणि प्रसाद सिंह मेमोरियल क्रिकेट में एसपीएस सीसीसी की रोमांचक जीत



**पटना।** स्थानीय बिहार क्रिकेट एकेडमी में चल रहे चंद्रमणि प्रसाद सिंह मेमोरियल अंडर-14 क्रिकेट टूनार्मेंट के रोमांचक मुकाबले में एसपीएस सीसीसी ने स्कूल ऑफ क्रिकेट को 2 रन से हराया। टॉस एसपीएस सीसीसी ने जीता और पहले बैटिंग करते हुए लक्की राज (79 रन,48 गेंद, 14 चौका, 1 छक्का) के शानदार अर्धशतक की बदौलत निर्धारित 25 ओवर में सभी विकेट खोकर 242 रन बनाये। जवाब में स्कूल ऑफ क्रिकेट की टीम एस सम्राट (65 रन) और रिषित रत्न (60 रन) की शानदार पारियों के बाद भी निर्धारित 25 ओवर में 5 विकेट पर 240 रन ही बना सकी और 2 रन से मैच हार गई।

विजेता टीम के लक्की राज को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। संक्षिप्त स्कोर एसपीएस सीसीसी : 25 ओवर में 242 रन पर ऑल आउट रणवीर 21, लक्की राज 79, साहिल 44, वैभव 10, मिथुन 16, विपिन 18, अतिरिक्त 44,आयुष 2/62, सदन सरफराज 1/1, एस सम्राट 1/37, रिषित राणा 3/47, गौरव मिश्रा 1/5 स्कूल ऑफ क्रिकेट : 25 ओवर में 5 विकेट पर 240 रन, एस सम्राट 65, रिषित रत्न 60, रौनक कुमार 43, सदन सरफराज नाबाद 43, अतिरिक्त 29, मिथुन 2/51, साहिल 1/66, लक्की राज 1/25।

# बिहार महिला और पुरुष वालीबॉल टीम का हुआ गठन

**पटना।** बिहार की सीनियर महिला और पुरुष वालीबॉल टीम का गठन हो गया है जो 7 से 13 जनवरी 2025 तक जयपुर,राजस्थान में होने वाली सीनियर वालीबॉल नेशनल चैम्पियनशिप में हिस्सा लेगी।



इस बात की जानकारी देते हुए बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक सह मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवीन्द्रण शंकरण ने बताया कि बिहार के पुरुष वालीबॉल टीम में खिलाड़ियों के चयन के लिए 15 दिसंबर को पाटलिपुत्र खेल परिसर में खिलाड़ियों का चयन ट्रायल रखा गया था। राष्ट्रीय स्तर के वालीबॉल प्रशिक्षकों तथा अनुभवी चयनकताओं की निगरानी में यह एक दिवसीय चयन ट्रायल हुआ। इसमें से 22 खिलाड़ी बिहार वालीबॉल टीम के लिए चयनित हुए।

इसी तरह पाटलिपुत्र खेल परिसर में ही 18 दिसंबर को बिहार महिला वालीबॉल टीम के लिए खिलाड़ियों का चयन ट्रायल किया गया। जिसमें से 16 खिलाड़ियों का चयन हुआ।

बिहार के पुरुष वालीबॉल टीम के खिलाड़ियों के नाम हैंः- 1. अनुज कुमार सिंह 2. हिमांशु कुमार 3. अमन कुमार 4. श्रवण कुमार 5.आशीष कुमार 6.अंकित कुमार 7.विश्वजीत कुमार 8.रौशन कुमार 9.दीपू कुमार 10. पवन कुमार 11.मुकुल आनंद 12.हर्षवर्धन 13.मोनु कुमार 14.अंकुर कुमार 15. अनुपम कुमार सिंह 16. हिम्मत कुमार 17. नवीन सिंह 18. विशाल कुमार 19. रोहित कुमार 20.ललित कुमार 21.गौरव कुमार सिंह 22.आशीर्वाद कुमारइसी तरह चयन ट्रायल के बाद बिहार महिला वालीबॉल टीम के खिलाड़ियों के नाम हैंः-1. संध्या कुमारी 2.खुशी कुमारी 3.लवली कुमारी 4.प्रेरणा कुमारी 5.पूजा कुमारी 6.खुशी कुमारी (2) 7.अंजली कुमारी 8.मौसम कुमारी 9.मुस्कान कुमारी 10.अदिति सिंह 11. पिंकी कुमारी 12. अदिति सिंह (2)13. खुशी कुमारी (3) 14.आंचल सिंह 15.जिया मॉन्डल 16. नेहा कुमारीमहिला और पुरुष दोनों टीम के चयनित खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और. अंतर्राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर में विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## जलापूर्ति योजनाओं के दीर्घकालिक अनुरक्षण और जलस्त्रोत स्थायित्व पर कार्यशाला

**पटना।** राज्य में जलापूर्ति योजनाओं के दीर्घकालिक अनुरक्षण, जलस्त्रोत स्थायित्व और जल गुणवत्ता अनुश्रवण एवं निगरानी पर एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन 20 दिसम्बर 2024 को पूर्वाह्न 9:00 बजे से अधिवेशन भवन, सिंचाई भवन परिसर (पुराना सचिवालय), पटना में किया जाएगा। कार्यशाला का उद्घाटन माननीय मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग,श्री नीरज कुमार सिंह द्वारा किया जाएगा। मंत्री महोदय के नेतृत्व में जलस्त्रोतों की सुरक्षा और जलापूर्ति सेवाओं के सुधार के लिए नीतिगत दिशा-निदेशों पर चर्चा की जाएगी।इस कार्यशाला में लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के प्रधान सचिव, श्री पंकज कुमार के साथ-साथ विभागीय मुख्यालय के सभी वरीय पदाधिकारी तथा सभी क्षेत्रीय पदाधिकारियों द्वारा भाग लिया जाएगा। कार्यशाला में जलापूर्ति योजनाओं के संचालन,क्रियाशीलता, श्रोत के दीर्घकालिकता तथा जल गुणवत्ता इत्यादि में आने वाली चुनौतियों के समाधान पर विशेषज्ञों और अधिकारियों के बीच परस्पर संवाद किया जाएगा। साथ ही कार्यशाला के दौरान जलापूर्ति सेवाओं की प्रभावी निगरानी पर भी गहन चर्चा की जाएगी।

कार्यशाला में राज्य स्तर पर जलापूर्ति योजनाओं के बेहतर संचालन के लिए आवश्यक कदमों पर विचार किया जाएगा, ताकि सभी जलापूर्ति योजनाओं का सतत रूप से क्रियाशीलता सुनिश्चित करते हुए राज्य के प्रत्येक परिवारों को निरंतर प्रयाप्त मात्रा मे गुणवत्ता पूर्ण जलापूर्ति उपलब्ध कराते हुए उनके जीवन स्तर मे सुधार लायी जा सके।

# गरीबी उन्मूलन की नाजिर सरस मेला पेश कर रहा है

**पटना।** बिहार में गरीबी उन्मूलन की नाजिर सरस मेला पेश कर रहा है ' मेला परिसर में उपस्थित ग्रामीण महिलाएं सूक्ष्म उद्यमी के तौर पर अपने को स्थापित करते हुए राज्य की उन्नति और विकास की गाथा को विभिन्न स्टॉल से बयां कर रही हैं ' ग्रामीण महिलाएं एवं उनका परिवार गरीबी के आगोश से बहार निकलकर स्वयं सहायता समूह से जुड़कर वित्तीय समावेशन और क्षमतावर्धन के बाद आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण की उदाहरण बनी हैं , ऐसी 2 सौ से अधिक ग्रामीण महिला उद्यमी सरस मेला में बिहार के सभी जिलों से आई हैं ' ये महिलाएं अपने-अपने गाँव-पंचायत की शिल्प और व्यंजन को सरस मेला में बिक्री कर रही हैं ' इन सात दिनों में लगभग सभी महिला उद्यमियों ने 50 हजार से अधिक की उत्पादों की खरीद-बिक्री की है।

बिहार की इन महिला उद्यमियों को जीविका दीदी का नाम से जाना-पहचाना जाता है ' बक्सर के सिमरी से आई 67 वर्षीय श्रीमती पार्वती देवी की भी पहचान सरस मेला के माध्यम से कुशल उद्यमी के रूप में बनी है ' पार्वती देवी पिछले दस साल से सरस मेला में आ रही हैं ' इनके द्वारा निर्मित भेड़ के बाल से बने कंबल , चादर और आसनी की बड़ी मांग है ' साथ ही तीसी की लड्डू भी ये बेच रही हैं ' पार्वती देवी चरखा से उन कातकर कूटरानी के माध्यम से देशी, कंबल, चादर, और आसनी बनाती हैं ' सात दिनों में इन्होने 50 हजार रुपये से अधिक की बिक्री की है ' कल तक गरीबी रेखा के नीचे गुजर-बसर कर रही पार्वती के लिए जीविका और



सरस मेला आर्थिक उन्नति एवं मान झसम्मान का घोतक है।

जीविका द्वारा आयोजित बिहार सरस मेला राष्ट्रीय स्तर पर परिलक्षित है। ग्रामीण शिल्प एवं उत्पाद को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित बिहार सरस मेला में प्राचीन संस्कृतियों का पुनर्मिलन, विलुप्त हो रही कलाकृतियों को प्रोत्साहन एवं कल तक घर की चाहरदीवारी में कैद हुनर का बड़े कैनवास पर प्रदर्शन एवं बिक्री हो रही है ' एक तरफ ग्रामीण शिल्प एवं कलाकृतियों को प्रोत्साहन और बाजार तो दूसरी तरफ ग्रामीण हुनर को सम्मान मिल रहा है ' स्वयं सहायता समूह से जुडी ग्रामीण महिलाओं के हुनर, आत्मनिर्भरता और स्वावलंबन के विविध रंगों का समावेशन भी सरस मेला में प्रदर्शित किया जा रहा है।

मेला के प्रति हर उम्र, हर वर्ग और हर तबके के बीच क्रेज देखते ही बन रहा है ' मेला के प्रति देश के साथ ही विदेशी सैलानियों को भी भा रहा है। पेरिस से आई एमली ने भी भारतीय शिल्प की तारीफ की।

12 दिसंबर से शुरू हुए सरस मेला से महज 7 दिनों में 7 करोड़ 39 लाख रुपये से अधिक के उत्पादों एवं व्यंजनों की खरीद-बिक्री हुई है ' खरीद-बिक्री का आंकड़ा स्टॉल धारकों से लिए गए बिक्री डाटा पर आधारित होता है ' आठवें दिन गुरुवार को 1 लाख से अधिक लोग आये।

हस्तशिल्प एवं व्यंजनों की खरीद- बिक्री के साथ ही सेमिनार, जन-जागरूकता अभियान और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आकर्षण के खास केंद्र बने हुए है ।सेमिनार हॉल में चन्द्रगुप्त प्रबंधन संस्थान ,पटना द्वारा ह्युवा स्किल्स को बढ़ावा देने के अवसरह्व पर विमर्श कार्यक्रम का आयोजन किया गया ' इस कार्यक्रम में स्कूली बच्चे-बच्चियों को नवाचार और उद्यमिता पर जागरूक करने को लेकर चर्चा भी हुई। संध्या समय में मुख्य सांस्कृतिक मंच पर राहुल राज ने अपने लोक गीतों से समां बांधा ' वही बाल कलाकार हर्षिता ने अरे रामा रिमझिम बरसे बदरिया पर लोक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों की वाहवाही लुटी ।तत्पश्चात अरुण राज नृत्य समूह से भाव नृत्य, लोक नृत्य और लोक गीत की प्रस्तुति की ' बारहमासा की प्रस्तुति से दर्शक सराबोर हुए ' मंच संचालन गुलाम सिमनानी एवं विट्ठल नाथ सूर्य तथा श्रीमती नाजिश बानो, राज्य प्रबंधक, जीविका ने किया।

# गृह मंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया गया




**बिहारशरीफ(नवशक्ति)।** बिहारशरीफ के अस्पताल चौक स्थित अति पिछड़ा/ दलित/ अल्पसंख्यक संघर्ष मोर्चा के तत्वाधान में भारत के गृह मंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया गया।

इस मौके पर अतिपिछड़ा/ दलित/ अल्पसंख्यक संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामदेव चौधरी प्रदेश अध्यक्ष सह संस्थापक बलराम दास ने संयुक्त रूप से गृह मंत्री अमित शाह जी संसद में बाबा साहेब अंबेडकर जीके बारे में जो बयान दिए हैं उसकी निंदा करते हुए कहा कि अमित शाह जी संसद में बाबा साहेब अंबेडकर का मजाक उड़ा रहे हैं। इन बीजेपी वालों को इतना अहंकार हो गया है कि यह किसी को कुछ नहीं समझते इसलिए तो लोकसभा चुनाव के समय 400 सीट के पार के नारे लगा रहे थे ताकि बाबा साहेब का संविधान बदला जा सके। बीजेपी का मूल एजेंडा है कि बाबा साहेब का संविधान बदलकर पुणः मनु स्मृति लागू करना। बाबा साहब का बनाया संविधान जब भारत में लागू हुआ तो उस समय भी इनके पूर्वज संविधान के प्रतियॉ जलाने का काम किए थे और आज भी कर रहे हैं।आज भारत के गृह मंत्री अपने पूर्वज के नक्शे कदम पर चल कर भारत में मनुस्मृति लागू करवाना चाहते हैं। बाबा साहब इस देश के बच्चे- बच्चे के लिए भगवान से काम नहीं है मरने के बाद स्वर्ग का तो पता नहीं लेकिन बाबा साहेब का संविधान ना होता तो आज दबे,कुचलों, गरीबों और दलितों को इस धरती पर जीने का अधिकार नहीं होते। बाबा साहब अंबेडकर के चाहने वालों को स्वर्ग नहीं स्वार ही अवश्य चाहिए। संविधान के शिल्पकार के प्रति ऐसी सोच बीजेपी और आरएसएस की पाठशाला से ही पनपती है। देश के 100 करोड़ से अधिक वंचित, अपेक्षित, उत्पीडित, शोषित, उपहाशित, दलित, पिछड़े,गरीब, अल्पसंख्यक एवं समता, समाजवाद, धर्मनिरपेक्षता, बंधुता और संविधान में यकीन रखने वाले न्यायप्रिय लोगों के लिए बाबा साहेब अंबेडकर भगवान से भी कम नहीं है। बाबा साहब ने करोड़ों लोगों को नारकीय जीवन से छुटकारा दिलाकर इसी जीवन में जीते जी ही मोक्ष प्राप्त कर दिया। संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर के प्रति गृह मंत्री की ऐसी संकीर्ण सोच कि हम निंदा तथा माफी की मांग करते हैं। पुतला दहन में अति पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक संघर्ष मोर्चा के जिला महासचिव उमेश पंडित जिला उपाध्यक्ष महेंद्र प्रसाद आशुतोष कुमार मुखर्जी अनिल पटेल अधिवक्ता सुरेश कुमार दास दिलीप कुमार कल्याण कुमार मोहम्मद अब्दुल्ला अवधेश पंडित आदि लोग शामिल हुए।

# बर्तन दुकान में लगी भीषण आग, लाखों का सामान जलकर खाक




**जहानाबाद।** शहर के सब्जी मंडी स्थित एक बर्तन की दुकान में रात करीब 3 बजे भीषण आग लग गई। इस आग पर काबू पाने के लिए फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पाया गया। दुकान के मालिक रामजी ने बताया कि उन्हें इस घटना की सूचना आसपास के लोगों ने दी। आग लगने से उनकी पूरी जिंदगी की जमा-पूंजी खाक हो गई। उन्होंने बताया कि उनकी दुकान में मुख्य रूप से फाइबर के बर्तन बिकते थे, उसके अलावा घर मे इस्तेमाल होने वाली लगभग जरूरी चीजें उनकी दुकान में बेचा जाता था। आग के कारण दो मंजिला दुकान पूरी तरह धु धु कर जल उठा और कुछ दिन घंटों में सब कुछ खाक हो गया।रामजी ने कहा आग कैसे लगी, यह तो जांच का विषय है और आसपास लगे सीसीटीव कैमरे की फुटेज देखने के बाद हीं कोई अंदेशा लगाया जा सकता है।

उन्होंने प्रशासन से जल्द से जल्द जांच कराने की मांग की है। इस हादसे ने दुकान मालिक को सड़क पर ला दिया है और अब उनके पास कुछ भी नहीं बचा। वहीं अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि आग को सूचना मिलने के बाद पहले छोटी गाड़ी भेजी गई लेकिन उससे बात नहीं बन पाई और दुकान की भयावह स्थिति को देखते हुए दूसरी गाड़ी भेजी गई जिसके बाद करीब 1 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है। प्रशासन ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

## गोनावां मध्य विद्यालय में लगा शिविर, योजना के प्रबंधक एवं मुखिया रहे मौजूद



**हरनौत(नालंदा)(नवशक्ति)।** स्थानीय प्रखंड के मध्य विद्यालय गोनावां परिसर में छात्र-छात्राओं के योजनाएं की जानकारी हेतु शिविर लगा। जिसमें मवि व उमावि गोनावां के छात्र-छात्राओं को जिले से आई योजना के प्रबंधक ने विभिन्न तीन योजनाओं की जानकारी दी।इस दौरान पंपलेट भी वितरण किया गया।प्रबंधक ने मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना के तहत आर्थिक हल युवाओं को बल के अंतर्गत बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना एवं कुशल युवा कार्यक्रम की जानकारी दी गई। उन्होंने छात्रों को योजना का लाभ लेने की सारी प्रक्रिया की जानकारी दी।

उन्होंने कैंप में विद्यार्थियों को बताया कि स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड का लोन छात्रों को 4 प्रतिशत पर देती है।जबकि बालिका/दिव्यांग/ ट्रांसजेंडर को मात्र एक प्रतिशत पर। कहा सभी लोन साधारण ब्याज पर दिया जाता है। इस दौरान गोनावं पंचायत के मुखिया अमरेश उपाध्याय ने योजना का लाभ लेने की के लिए अपील की। मौके पर प्रधानाध्यापक शंकर कुमार, वार्ड पार्षद वेद प्रकाश, जीरा देवी ,संजू देवी वहीं शिक्षक में रंजीत कुमार , शिव शंकर शर्मा, चंदन, शुभम, चिक्की , सुशीला समेत अन्य मौजूद थे।

# अनुमंडल पदाधिकारी ने उर्दू मध्य विद्यालय बड़ी दरगाह का किया निरीक्षण

**छात्र उपस्थिति और विद्यालय व्यवस्था पर जताई नाराजगी**



**बिहारशरीफ(नवशक्ति)।** गुरुवार को बिहारशरीफ अनुमंडल पदाधिकारी वैभव नितीन काजले ने नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत स्थित उर्दू मध्य विद्यालय, बड़ी दरगाह का निरीक्षण किया। इस दौरान विद्यालय में शिक्षा और व्यवस्था संबंधी कई खामियां पाई गईं, जिस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। छात्र उपस्थिति बेहद कम निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि कक्षा 6, 7, और 8 में छात्रों की उपस्थिति नामांकित छात्रों की तुलना में बेहद कम थीः कक्षा 6: 120 नामांकित, उपस्थित छात्र मात्र 18। कक्षा 7: 192 नामांकित, उपस्थित छात्र केवल 32। कक्षा 8: 184 नामांकित, उपस्थित छात्र मात्र 26।

शौचालय और स्वच्छता पर गंभीर खामियां

निरीक्षण के दौरान विद्यालय परिसर में स्थित शौचालय गंदगी से भरे पाए गए। इसके अलावा, मध्याह्न भोजन के लिए उपयोग में लाई जाने वाली थालियां सही से साफ नहीं थीं। विद्यालय में नामांकित बच्चों की संख्या के मुकाबले थालियों की संख्या भी काफी कम पाई गई।

कंप्यूटर शिक्षा पूरी तरह ठप

निरीक्षण के क्रम में कंप्यूटर कक्ष में पाया गया कि किसी भी कंप्यूटर का संचालन नहीं किया जा रहा था। छात्रों को कंप्यूटर शिक्षा प्रदान करने की व्यवस्था पूरी तरह से अनुपस्थित थी। इस लापरवाही पर अनुमंडल पदाधिकारी ने प्रधानाध्यापक से तुरंत स्पष्टीकरण मांगा है।

अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ने विद्यालय प्रशासन को छात्र उपस्थिति बढ़ाने, स्वच्छता सुनिश्चित करने, और कंप्यूटर शिक्षा जल्द शुरू करने के निर्देश दिए।

उन्होंने संबंधित विभागों से इन कमियों को सुधारने के लिए शीघ्र कार्रवाई करने को कहा। इस निरीक्षण से प्रशासन की शिक्षा और स्वच्छता पर बढ़ती निगरानी स्पष्ट होती है, जिसका उद्देश्य बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर वातावरण सुनिश्चित करना है।

## कब्रिस्तान भूमि का सीमांकन पूरा, चारदीवारी निर्माण की उठी मांग



**बिहारशरीफ(नवशक्ति)।** अंजुमन मुफीद-उल-इस्लाम नालंदा के उपाध्यक्ष मीर अरशद हुसैन ने अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) बिहारशरीफ और अंचल अधिकारी (सीओ) से मघड़ा ग्राम में स्थित कब्रिस्तान की भूमि का सीमांकन और चारदीवारी निर्माण करवाने की मांग की है। यह कब्रिस्तान, जिसका प्लॉट नंबर 3112, खाता नंबर 717, थाना नंबर 129 और रकबा 95 डिसमिल और 19 डिसमिल है, लंबे समय से अतिक्रमण का शिकार था। लोगों ने इस जमीन पर अवैध रूप से खेती कर सब्जियां उगानी शुरू कर दी थीं। अंजुमन के प्रयासों के बाद अंचल अधिकारी ने प्राइवेट और सरकारी अमीन की सहायता से ग्रामवासियों की उपस्थिति में कब्रिस्तान की नापी करवाई।

नापी प्रक्रिया के पूरा होने के बाद अंजुमन के सदस्यों ने सरकार से मांग की है कि इस कब्रिस्तान की चारदीवारी का निर्माण करवाया जाए, ताकि भविष्य में भूमि माफिया या अन्य किसी द्वारा इस पर कब्जा न किया जा सके।

नापी प्रक्रिया के दौरान अंजुमन के सचिव अकबर आजाद, उपाध्यक्ष मीर अरशद हुसैन, संरक्षक मोहम्मद अमीन खान, मोहम्मद असफान अहमद, मोहम्मद शकील अहमद, विमल पासवान और कई अन्य लोग उपस्थित थे।

अंजुमन ने सरकार से अपील की है कि इस मामले में शीघ्र कार्रवाई की जाए, ताकि कब्रिस्तान की पवित्रता और भूमि का संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके।

## चंडी में सतत जीविकोपार्जन योजना के तहत तीन दिवसीय प्रशिक्षण का समापन

- लाभुकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उद्यमिता के लिए प्रेरित किया गया



**चंडी (नालंदा)(नवशक्ति)।** जीविका प्रखंड परियोजना क्रियान्वयन इकाई, चंडी द्वारा सतत जीविकोपार्जन योजना (एस.जे.वाई) के तहत संकल्प जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड, गोखुलपुर चंडी में चयनित लाभुकों के लिए 17 दिसंबर से 19 दिसंबर तक तीन दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण के समापन पर लाभुकों को सतत जीविकोपार्जन योजना बीआरपी वरुण कुमार, सीएलएफ के क्षेत्रीय समन्वयक राजीव रौशन कुमार, और कोषाध्यक्ष इंदु देवी द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।

इस अवसर पर उपस्थित विशेषज्ञों ने लाभुकों को प्रेरित करते हुए सफल उद्यमी बनने की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया। प्रशिक्षण में एस.जे.वाई एमआरपी चितरंजन कुमार, हिमांशु कुमार, और रामशीष प्रसाद सहित कई अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न पंचायतों से कुल 30 लाभुकों ने भाग लिया। इनमें रुखाई पंचायत की मालती देवी, वासो देवी, अमरौरा पंचायत की पिंकी देवी, बुधनी देवी, सुनैना देवी, और सालेपुर पंचायत की खुशबू देवी, गोरकी देवी, धर्मशिला देवी शामिल थीं।

इन लाभुकों को सतत जीविकोपार्जन योजना के तहत आर्थिक सहायता प्रदान की गई है, ताकि वे रोजगार सृजन कर अपने जीवन में आत्मनिर्भरता ला सकें। प्रशिक्षण के दौरान उन्हें स्वरोजगार से जुड़ी विभिन्न तकनीकों और योजनाओं की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों ने बताया कि स्वरोजगार के माध्यम से महिलाएं न केवल आत्मनिर्भर बन सकती हैं, बल्कि अपने परिवार और समाज के आर्थिक विकास में भी योगदान दे सकती हैं। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम लाभुकों के जीवन में आर्थिक स्थिरता लाने और उद्यमिता की भावना विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

## सेंट जोसेफ एकेडमी में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ



**बिहारशरीफ(नवशक्ति)।** शहर के खंदकपर स्थित सेंट जोसेफ एकेडमी में गुरुवार को तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन एनसीसी 38 बिहार बटालियन के कर्नल राजेश बहरी ने गुब्बारे उड़ाकर और खिलाड़ियों को मशाल सौंपकर किया।

इस अवसर पर कर्नल राजेश बहरी ने छात्रों द्वारा प्रस्तुत परेड, ड्रिल और डांस प्रदर्शनी की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से छात्रों के आत्मविश्वास और कौशल में वृद्धि होती है। पहले दिन के खेलों का आयोजन विद्यालय के प्राचार्य डॉ. जोसेफ टीटी ने बताया कि पहले दिन 1500 मीटर, 1000 मीटर, 5000 मीटर दौड़, 100 मीटर रेस, थ्री लेग रेस, हाई जंप, लॉन्ग जंप, गोला फेंक और भाला फेंक जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

खेलकूद का महत्व प्राचार्य ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। खेलकूद से न केवल छात्रों में अनुशासन और सहयोग की भावना विकसित होती है, बल्कि उनके समग्र व्यक्तित्व का विकास भी होता है।

आने वाले दिनों में होंगे और रोमांचक मुकाबले तीन दिनों तक चलने वाले इस खेल महोत्सव में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। विद्यालय प्रबंधन ने सभी छात्रों को उत्साहपूर्वक भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। इस प्रतियोगिता ने न केवल छात्रों के भीतर प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा दिया, बल्कि उनके समर्पण और टीम वर्क का भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

## महाबोधि महाविद्यालय में 'महिला समस्या एवं समाधान वातार्लाप कार्यक्रम' का आयोजन

**संजय कुमार**

**बिहारशरीफ(नवशक्ति)।** गुरुवार को महाबोधि महाविद्यालय (बी.एड. एवं डी.एल.एड.) के प्रांगण में 'महिला समस्या एवं समाधान वातार्लाप कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं के अध्ययन के दौरान आने वाली स्वास्थ्य समस्याओं पर चर्चा करना और उनके समाधान के लिए सुझाव प्राप्त करना था।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. मीना कुमारी, चिकित्सिका, बिहारशरीफ और डॉ. रेखा सिन्हा, प्रधानाचार्या, ए.के.ए. +2 स्कूल, राजगीर उपस्थित थीं। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन से हुई।

डॉ. मीना कुमारी ने छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि स्वास्थ्य समस्याओं को नजरअंदाज करना और देर से उपचार कराना गंभीर परिणाम दे सकता है। उन्होंने छात्राओं को अपनी समस्याओं को खुलकर साझा करने और समय पर समाधान प्राप्त करने की सलाह दी।

डॉ. रेखा सिन्हा ने महाविद्यालय के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम छात्राओं को न केवल उनकी समस्याओं से अवगत कराते हैं, बल्कि उन्हें समाधान भी प्रदान करते हैं। उन्होंने महाविद्यालय प्रबंधन से आग्रह किया कि छात्राओं द्वारा मांगी गई सुविधाएं शीघ्र पूरी की जाएं। कार्यक्रम में उपस्थित छात्राओं ने अपनी व्यक्तिगत स्वास्थ्य समस्याओं को अतिथियों के समक्ष रखा। अतिथियों ने इन समस्याओं का समाधान बताया, जिसे छात्राओं ने गंभीरता से सुना और समझा।महाविद्यालय की प्राध्यापिका डॉ. सीमा कुमारी ने कहा कि वह छात्राओं की समस्याओं को हल करने के लिए हमेशा तत्पर रहेंगी। कार्यक्रम का समापन पुस्तकालयाध्यक्ष श्रीमती पुष्पा कुमारी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।कार्यक्रम में बी.एड. और डी.एल.एड. की लगभग 90 छात्राओं ने भाग लिया, जिनमें कुमकुम कुमारी, सोनम कुमारी, अनामिका कुमारी, शिवानी, ब्यूटी, नेहा, सुजाता, और संयुक्ता प्रमुख थीं।यह वातार्लाप कार्यक्रम छात्राओं के स्वास्थ्य और जागरूकता के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। महाविद्यालय प्रबंधन ने यह सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया कि छात्राओं की आवश्यकताओं को जल्द पूरा किया जाएगा।

# राजगीर महोत्सव : सांस्कृतिक और खेल गतिविधियों के साथ हस्तशिल्प प्रदर्शनी होगा मुख्य आकर्षण

**संजय कुमार**

**बिहारशरीफ(नवशक्ति)।** आगामी 21 से 23 दिसंबर 2024 को आयोजित होने वाले राजगीर महोत्सव की तैयारियों का निरीक्षण जिलाधिकारी शशांक शुभंकर और पुलिस अधीक्षक भारत सोनी द्वारा स्टेट गेस्ट हाउस मैदान में किया गया। यह महोत्सव सांस्कृतिक, खेल, महिला सशक्तिकरण और हस्तशिल्प को प्रोत्साहित करने वाला एक प्रमुख आयोजन है। सांस्कृतिक और खेल गतिविधियां

महोत्सव के दौरान शाम 5 बजे से होने वाले मुख्य सांस्कृतिक कार्यक्रम में मशहूर गायक जुबिन नौटियाल (21 दिसंबर) और अरुणिता व पवनदीप (23 दिसंबर) अपनी प्रस्तुतियां देंगे।स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुतियां दोपहर 2 से 4 बजे तक होंगी। खेल प्रतियोगिताओं में कबड्डी, कराटे, खो-खो, वुशु, क्रिकेट और ताइक्वांडो जैसी गतिविधियां आरडीएच स्कूल, राजगीर में आयोजित की जाएंगी।

महिला महोत्सवः 'जहां नारी, वहां विजय' 21 से 23 दिसंबर तक आयोजित महिला महोत्सव में नृत्य, गायन, मेहंदी, कुकिंग और रैंप वॉक जैसे कार्यक्रम शामिल हैं। हस्तशिल्प और ग्राम श्री मेला 21 से 27 दिसंबर तक आयोजित ग्राम श्री मेला में भारत के विभिन्न राज्यों के शिल्पकार अपनी वस्तुएं प्रदर्शित करेंगे। प्रमुख उत्पादः जम्मू-कश्मीरः पशमीना शॉल और ऊनी वस्त्र गुजरातः गुजराती बेडशीट बिहारः मधुबनी पेंटिंग और राजस्थानी जूती विशेष निर्देश और व्यवस्थाएं जिलाधिकारी ने विधि व्यवस्था, यातायात, प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई और पेयजल सहित सभी व्यवस्थाओं को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही, तांगा और पालकी सज्जा जैसी पारंपरिक गतिविधियों को बढ़ावा देने पर जोर दिया। यह महोत्सव भारतीय संस्कृति, खेल और हस्तशिल्प की विविधता का जीवंत प्रमाण बनेगा।



नव शक्ति समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री को मौलिक समझकर छापा जाता है। अतः कॉपीराइट संबंधी कोई कार्रवाई संपादक, प्रकाशन एवं मुद्रक पर नहीं की जा सकती है। दावा करने वाले रचनाकार और चित्रकार से संपर्क करें। समस्त विवादों का निपटारा पटना उच्च न्यायालय क्षेत्रान्तर्गत होगा। प्रधान कार्यालयः कृष्णा मार्केट, पहला तल्ला, निकट हड़ताली मोड़ पश्चिमी बोरिंग कैनाल रोड, पटना-800023 संपादक प्रकाशक - मुद्रक एवं स्वामीः जयप्रकाश चौधरी, कृष्णा मार्केट, पहला तल्ला, निकट हड़ताली मोड़, पश्चिमी बोरिंग कैनाल रोड, पटना द्वारा एसेन कम्प्यूटर, डा.एनी बेसेन्ट रोड, पटना-4 से मुद्रित। सम्पर्क नम्बर: 9473032029, 9939472461 ईमेल- navshakti2010@gmail.com RNI- BIHHIN/2012/43368

# संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ अम्बेडकर का अपमान बर्दाश्त नहीं करेगा राजद : अरुण यादव



**बिहपुर।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के द्वारा सदन में बाबा साहेब अम्बेडकर के बारे में उपहासस्पद बयानबाजी के खिलाफ राष्ट्रीय जनता दल के कार्यकताओं ने बिहपुर के शहीद गेट डाकबंगला चौक पर गृहमंत्री अमित शाह का पुतला दहन कर आक्रोश व्यक्त किया।

राजद के प्रदेश प्रवक्ता अरुण कुमार यादव ने पुतला दहन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर का अपमान किसी भी कीमत पर राजद नहीं करेगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बाबा साहेब का अपमान नहीं किया है बल्कि बाबा साहेब को मानने वाले देश के वंचित-शोषित और बहुजनों का अपमान किया है। देश की जनता से अविलंब गृहमंत्री अमित शाह माफी मांगे।

राजद के पूर्व एमएलसी प्रत्याशी नितेश यादव ने कहा गृह मंत्री अमित शाह ने बाबासाहेब डॉ.अंबेडकर का ही नही बल्कि भारत के उन तमाम बहुजन समाज का मजाक उड़ाया है जो भारत रत्न डॉ.अंबेडकर व संविधान का सम्मान करते हैं। राजद ने गौतम कुमार प्रीतम ने पुतला दहन कार्यक्रम का अध्यक्षता करते हुए कहा कि संविधान विरोधी संघियों को यह पता होना चाहिए कि देश के नब्बे फीसदी आदिवासी,दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक और महिलाओं को जो सम्मान के साथ संवैधानिक अधिकार मिला है। उसमें बाबा साहेब के महत्वपूर्ण योगदान के वजह से मिला है। वंचित, शोषित, उत्पीड़ित समूह के लिए भगवान से भी बड़ा दर्जा रखनेवाले महामानव हैं।

राजद के जिलाध्यक्ष अलख निरंजन पासवान ने कहा कि भाजपा लगातार संविधान पर हमला कर रही है, जोकि अलोकतांत्रिक है। इस बयान के बाद दलितों, बहुजनों में अमित शाह के खिलाफ काफी गुस्सा है। इस पुतला दहन कार्यक्रम में प्रखंड अध्यक्ष किशोर सिंह यादव, सामाजिक न्याय आंदोलन बिहार के राजेश पंडित, नसीब रविदास, बिनोद सिंह निषाद, सोहराब अली शाह, रवीन्द्र सिंह, हामिद अंसारी, शंकर सहनी, गौरव पासवान, राजद के युवा अध्यक्ष अमन आनन्द, महमूद गजनवी, मो.गफ्फार खां, सुधीर मंडल,सुबोध पासवान, नंदलाल दास, कलानंद दास, पृथ्वी शर्मा, खुर्शीद आलम सहित सैकड़ों राजद कार्यकर्ता सम्मिलित थे।

# काकोरी के चारो शहीदों के कुवार्नी को किया याद



**पटना सिटी( बृजेश गोस्वामी)।** काकोरी के यशस्वी शहीद रामप्रसाद बिस्मिल ,शहीद अशफाक उल्ला खान, शहीद ठाकुर रोशन सिंह एवं शहीद राजेंद्रनाथ लाहिड़ी की शहादत की 97वीं वर्षगांठ संस्था सांप्रदायिक सद्भाव समन्वय समिति के द्वारा 'सांप्रदायिक सद्भाव दिवस' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय शहीद भगत सिंह चौक पर किया गया।।

कार्यक्रम का शुभारंभ चारों शहीदों युक्त तैलचित्र पर पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण कर हुआ।कार्यक्रम में आये प्रमुख वक्ताओं में डॉ० एकबाल अहमद, कॉ०देवरत्न प्रसाद, मिथिलेश सिंह, डॉ० विनोद कुमार अवस्थी आदि थे।वक्ताओं ने देश में बढ़ती सांप्रदायिकता पर चिंता जाहिर की। सभा को शहीद रामप्रसाद बिस्मिल की शहादत पूर्व उस वसीयत की याद दिलाई गई जिसमें उन्होंने लिखा है कि यदि देशवासियों को हमारे मरने का जरा भी अफसोस है तो वह जैसे भी हो हिंदू- मुसलमान एकता कायम करें ।यही हमारी आखिरी इच्छा है। इसी तरह शहीद अशफाकउल्ला खान ने अपनी शहादत के तीन दिन पहले लिखे खत में देशवासियों को आगाह किया था कि सात करोड़ मुसलमान को शुद्धिकरण द्वारा हिंदू बनाना एक फिजूल की सोच है। इस तरह से पच्चीस करोड़ हिंदुओं से इस्लाम कुबूल करवाये जाने की सोच भी एक बकवास है। उन्होंने आपसी फसाद की बजाय गुलाम रहना बेहतर माना। वक्तागण इस बात से भी चिंतित थे कि भारत के सौ अमीरों की संपदा देश के वार्षिक बजट से भी ज्यादा हो गई है।जहाँ वर्ष 2021-22 के लिए भारत सरकार का कुल बजट 34.83 लाख करोड़ रुपए थी,वहीं भारत के 100 सबसे अमीर लोगों की संपदा का मूल्य 58.12 लाख करोड़ रुपया था। इसी तरह से शीर्ष कंपनियों के सीईओ से एक मजदूर आय में 941 साल पीछे है जो कि ब्रिटिश काल में ईस्ट इंडिया कंपनी की अन्यायपूर्ण व्यवस्था के तहत हुआ करता था। इस अवसर पर कॉ०राजा बाबू, मो०साबिर अली, रघुनाथ प्रसाद,कॉङ्ग ललन यादव,प्रफुल्ल पांडेय,वर्षा वर्मा,कॉ०शंभू शरण प्रसाद,योगेंद्र कुमार ओम, कुमार लखन, प्रभात कु० धवन,संजय शर्मा आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के वरीय उपाध्यक्ष डॉ०एकबालअहमद ने तथा संचालन महासचिव विजय कुमार सिंह ने किया।

## दलितों के सबसे बड़े विरोधी हैं लालू : प्रभाकर मिश्र

**पटना।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने राजद प्रमुख लालू प्रसाद पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि लालू प्रसाद सबसे बड़े दलित विरोधी नेता हैं। लालू प्रसाद ने अपने शासनकाल में दलितों के कल्याण के एक भी कार्य नहीं किया, साथ ही अपनी पार्टी में दलित वर्ग से आनेवाले नेताओं को हमेशा हाशिए पर रखा।

श्री मिश्र ने गुरुवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि लालू प्रसाद जैसे भ्रष्टाचारियों ने बाबा साहेब अंबेडकर की आत्मा को दुःख पहुंचाया है। लालू जैसे परिवारवादियों का वश चले तो ये दलितों से आरक्षण छिनकर अपने परिवार के लोगों में बांट देंगे। लालू ने अपने शासनकाल में सोची-समझी रणनीति के तहत न सिर्फ दलितों को विकास के पथ से दूर रखा, बल्कि उनका मानसिक और भावनात्मक दोहन भी किया। ऐसे लोग बाबा साहेब अंबेडकर का नाम लेकर सिर्फ दिखावा कर रहे हैं। बाबा साहेब के सपने को सिर्फ भाजपा ही साकार कर सकती है। श्री मिश्र ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री माननीय अमित शाह जी के बयान को कांग्रेस के लोग और लालू जैसे नेता तोड़-मरोड़कर पेश कर रहे हैं। अपने कुकृत्यों से इंडी के लोग बाबा साहेब को अपमानित कर रहे हैं।

## जन सुराज ने घोषित किए राज्य स्तरीय पदाधिकारियों के नाम

**पटना।** जन सुराज पार्टी के अध्यक्ष मनोज भारती ने आज प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जन सुराज पार्टी के संगठन विस्तार की जानकारी साझा की और प्रदेश पदाधिकारियों की सूची भी जारी की। साथ ही उन्होंने आने वाले महीनों में पार्टी संगठन को कैसे मजबूत किया जाएगा इसकी भी जानकारी दी। अध्यक्ष मनोज भारती ने अपनी टीम का विस्तार करते हुए सुभद्रा सहनी को महिला अध्यक्ष, वीरेंद्र राय को किसान अध्यक्ष, आनंद मिश्रा को युवा अध्यक्ष और अरविंद सिंह को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया। साथ ही 10 प्रदेश उपाध्यक्ष, 10 प्रदेश महासचिव, 5 प्रदेश सचिव के नामों की भी घोषणा की गई।

## बिहार में बीजेपी नेतृत्वविहीन है :प्रशांत किशोर

**पटना।** जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने सीधे तौर पर बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा कि अगर बिहार बीजेपी अध्यक्ष को किसी गांव में खड़ा कर दिया जाए तो 10 फीसदी लोग भी उन्हें नहीं पहचान पाएंगे। ये वही बीजेपी है जो दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी होने का दावा करती है लेकिन बिहार में उसकी हालत दयनीय है। उन्होंने कहा कि बिहार में बीजेपी के पास अपना कोई मजबूत चेहरा नहीं है। नीतीश कुमार के साथ सरकार बनाकर बीजेपी खुद डूब रही है। आज बिहार में बीजेपी के पास कोई स्पष्ट नेतृत्व नहीं है और इसीलिए उन्होंने 43 विधायकों के साथ नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री बनाए रखा है। प्रशांत किशोर ने इसे बीजेपी की बड़ी रणनीतिक भूल बताया और दावा किया कि पार्टी को अगले चुनाव में इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा।इसके साथ ही प्रशांत किशोर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी हमला बोला और कहा कि अगर पिछले 10 सालों में प्रधानमंत्री ने बिहार के विकास और बिहार की समस्याओं को लेकर एक भी मीटिंग की होती तो वो अपना पूरा अभियान वापस लेकर ठऊअ का समर्थन कर देते। बिहार ने जाति-धर्म सब भूलकर मोदी जी को जिताया, लेकिन मोदी जी को बिहार की चिंता नहीं है।

## भारत सरकार के प्रबंधन और उद्यमिता और पेशेवर कौशल परिषद एवं प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन के बीच MOU साइन हुआ

**पटना/आगरा।** भारत सरकार के प्रबंधन और उद्यमिता और पेशेवर कौशल परिषद के अभिषेक बनर्जी एवं प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद शमायल अहमद के साथ एक संयुक्त MOU साइन हुआ जिसमें देश भर के 25 लाख प्री प्राइमरी शिक्षकों को ट्रेनिंग देने का लक्ष्य रखा गया। मौका था एसोसिएशन के तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का जो के 17 से 19 दिसंबर 2024 तक उत्तर प्रदेश के आगरा शहर के पांच सितारा होटल क्लार्क शिराज में सम्पन्न हुआ।

जिसका उद्घाटन दीप प्रजवलित कर चर्चित आई पी एस ऑफिसर श्री विकास वैभव, भारत सरकार के प्रबंधन और उद्यमिता और पेशेवर कौशल परिषद के अभिषेक बनर्जी, एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद शमायल अहमद एवं संयुक्त सचिव डॉ एस पी वर्मा ने किया। एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद शमायल अहमद ने कहा के पहली बार भारत सरकार की संस्था ने किसी प्राइवेट संस्था पर भरोसा करते हुए 25 लाख प्राइमरी शिक्षकों को ट्रेनिंग देने का लक्ष्य प्राईवेट स्कूल एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन के साथ करने का जो टडव साइन किया है इससे एसोसिएशन के पदाधिकारियों में काफी उत्साह है। राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद शमायल अहमद ने इस सम्मेलन में देश भर से आए हुए सभी राज्य के प्रतिनिधियों के द्वारा कई परेशानियां सुनी जो मुख्य रूप से फ्ळ्ए का पैसा कई वर्षों से नहीं मिलना, शिक्षा विभाग के पदाधिकाओं द्वारा लगातार परेशान करना एवं कई तरह के पोर्टल खोल देना से संबंधित जानकारी मिलके बाद लोगों को आश्वस्त किया के जल्द ही भारत सरकार के शिक्षा मंत्री से मिलकर इन समस्याओं के समाधान करने की बात करेंगे। अपने संबोधन में उद्घाटनकर्ता आई पी एस श्री विकास वैभव ने भारत में शिक्षा के रूप में निजी स्कूलों द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका की भूरी भूरी प्रशंसा की और उन्होंने कहा निजी विद्यालयों के ऊपर ज्यादा तर लोग भरोसा करके अपने बच्चों को पढ़ने भेजते है। जो निश्चित रूप से उनका फैसला सही है।अभी भी सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों की संख्या अधिक हो लेकिन निजी विद्यालय काफी अच्छा है काम कर रहे है। अभिषेक बनर्जी ने कहा कि भारत सरकार ठएढ 2020 के अंतर्गत प्री स्कूल के शिक्षाको को प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन के साथ मिलकर उन्हें अच्छी शिक्षा देने का लक्ष्य रखा है।

## सरकारी तंत्र में हिंदी नई चुनौतियां और समाधान पर हुई कार्यशाला

**पटना सिटी ( बृजेश गोस्वामी )।** चिकित्सा सत्यापन इकाई, पटना और केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के तत्वावधान में ₹सरकारी तंत्र में हिंदी नई चुनौतियां और समाधान₹ विषय पर दो दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन होटल पाटलिपुत्र एक्सोटिका में किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन मेयर श्रीमती सीता साहू ने दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर परिषद के महानिदेशक, डॉ. सुभाष कौशिक ने प्रतिभागियों को प्रेरित करते हुए कहा कि हिंदी को प्रशासनिक तंत्र में प्रभावी रूप से लागू करने के लिए तकनीकी नवाचार और समर्पण आवश्यक है। उन्होंने कार्यशाला के आयोजन के लिए चिकित्सा सत्यापन इकाई, पटना की टीम की सराहना की।दो दिनों में कुल 10 सत्र आयोजित किए गए, जिनमें प्रतिभागियों को हिंदी के तकनीकी और प्रशासनिक उपयोग से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई। प्रमुख सत्रों में ₹तकनीक समर्थित हिंदी टंकण,₹ ₹हिंदी के प्रयोजनमूलक पहलू,₹ ₹राजभाषा की संवैधानिक स्थिति,₹ और ₹कृत्रिम बुद्धिमता प्रायोजित हिंदी अनुवाद₹ शामिल थे। इसके अलावा, प्रश्नोत्तरी और खेल-आधारित गतिविधियों ने कार्यशाला को और रोचक बना दिया।कार्यशाला में परिषद् की विभिन्न संस्थान एवं इकाई के 50 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने हिंदी के प्रशासनिक उपयोग को लेकर नई दृष्टि और समाधान प्राप्त किए। कार्यशाला के आयोजन में चिकित्सा सत्यापन इकाई के प्रभारी अधिकारी डॉ. के के अविनाश, अनुसंधान अधिकारी डॉ. विभा कुमारी और हिंदी संपर्क अधिकारी श्रीमती मीनाक्षी भाटिया का योगदान दिया।

# बिहार के पंचायतों में खेल मैदान निर्माण का शुभारंभ

## हरी बाग प्लस टू उच्च विद्यालय, ढेकवाहा सरैया में हुआ कार्यक्रम का आयोजन



**बिहारशरीफ(नवशक्ति)।** गुरुवार को बिहार के ग्रामीण विकास विभाग द्वारा राज्य के सभी प्रखंडों के ग्राम पंचायतों में खेल मैदान निर्माण कार्य की औपचारिक शुरूआत की गई। इस अवसर पर हरी बाग प्लस टू उच्च विद्यालय, ढेकवाहा सरैया में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह योजना मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) के अंतर्गत ?63827.25 लाख की लागत से संचालित हो रही है। कार्यक्रम में ढेकवाहा पंचायत की मुखिया सुनीता देवी और उनके पति मुन्ना सिंह ने विशेष रूप से भाग लिया। इनके साथ मनरेगा के प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी (पीओ), रोजगार सेवक अशोक कुमार, विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक कृष्ण कुमार केसरी, वरीय शिक्षक इंद्रदेव प्रसाद, चंद्रशेखर दास, जयंत कुमार सहित विद्यालय के सभी शिक्षकगण उपस्थित थे। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों की विशेष भागीदारी इस अवसर पर पंचायत उप मुखिया, वार्ड सदस्य, जीविका समूह की सदस्याएं और बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनसमुदाय को खेल मैदान निर्माण से होने वाले लाभों के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में वक्ताओं ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण युवाओं को खेल के लिए उचित सुविधाएं उपलब्ध कराना और उनके शारीरिक एवं मानसिक विकास को प्रोत्साहन देना है। खेल मैदान के निर्माण से ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक एकजुटता को बढ़ावा मिलेगा और रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। कार्यक्रम का समापन विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक कृष्ण कुमार केसरी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। ग्रामीण विकास विभाग ने इस योजना को समयबद्ध तरीके से पूरा करने का संकल्प व्यक्त किया।

## रईस बिहार मौलवी अब्दुल अजीज साहब की 145वीं पुण्यतिथि पर सोगरा वक्फ इस्टेट में श्रद्धांजलि समारोह आयोजित



**बिहारशरीफ(नवशक्ति)।** परंपरा के अनुसार, रईस बिहार मौलवी अब्दुल अजीज साहब की 145वीं पुण्यतिथि, जो 16 जमादीउल आखिर को पड़ती है, बिहारशरीफ के सोगरा वक्फ इस्टेट कार्यालय के विशाल परिसर में गरिमामय ढंग से संपन्न हुई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता सोगरा वक्फ इस्टेट के मोतवल्ली अल्हाज मुख्तारुल हक ने की, जबकि संचालन नाएब अव्वल सैयद जैद अहमद ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत सुबह की नमाज के बाद कुरान पाक की तिलावत से हुई। इसमें सोगरा वक्फ इस्टेट से जुड़े संस्थानों के शिक्षक, छात्र, कर्मचारी, और शहर के गणमान्य लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस अवसर पर वक्फ इस्टेट के उपाध्यक्ष हाजी सुल्तान अंसारी, सदस्य मोहम्मद जावेद कुरेशी, सदस्य जकी अंसारी, सदस्य डॉ. मुबश्शेर हयात, सोगरा कॉलेज के सचिव एम.बी. शहाबुद्दीन एडवोकेट, सोगरा हाई स्कूल के सचिव आफताब आलम, मौलाना तारिक अनवर, मौलाना इरशाद नदवी, और अन्य प्रमुख लोग उपस्थित रहे। मौलाना तारिक अनवर ने कहा, ₹मदरसे, मस्जिद, और खानकाह मुसलमानों के विकास और कल्याण के प्रमुख स्रोत हैं। हमें इनसे जुड़े रहना चाहिए, क्योंकि ये हमारी शिक्षा, नैतिकता, और जीवन के मार्गदर्शन का केंद्र हैं। कार्यक्रम का समापन मौलाना तारिक अनवर की दुआ और हाफिज जमाल अहमद द्वारा प्रस्तुत सलातो-सलाम से हुआ। इसके बाद उपस्थित लोगों ने शहर के जामा मस्जिद पुल के पास मौलवी अब्दुल अजीज और बीबी सोगरा की कब्र पर फातिहा पढ़ी और श्रद्धांजलि अर्पित की।जोहर की नमाज के बाद गरीबों और स्थानीय लोगों के लिए विशेष दावत का आयोजन किया गया।

## एमडीए अभियान के लिए राज्य स्तरीय टीओटी का हुआ आयोजन

**पटना।** राज्य के 24 जिलों में फाईलेरिया उन्मूलन के लिए 10 फरवरी से एमडीए राउंड चलाया जाना है. जिसमें बांका, भागलपुर, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, जहानाबाद, कटिहार, खगड़िया, कैमूर, मुंगेर, सीतामढ़ी, सुपौल, सिवान एवं पश्चिम चंपारण जिलों में 2 दवाएं एवं अरवल, औरंगाबाद, बेगुसराय, गया, जमुई, मुजफ्फरपुर, सारण, शिवहर, शेखपुरा, सहरसा एवं वैशाली जिलों में 3 दवाएं खिलाई जाएगी. एमडीए के 14 दिनों में घर-घर जाकर दवा खिलाई जाएगी. वहीं, मेडिकल कॉलेज, जिला अस्पताल एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में में 17 दिनों का बूथ बनाया जाएगा. इसके जरिये अधिक से अधिक दवा सेवन को सुनिश्चित करने में आसानी होगी. वहीं ड्रग रिफ्यूजल तोड़ना जरुरी है एवं इसके लिए ड्रग एडमिनिस्ट्रेटर का रिविजिट सुनिश्चित कराना भी जरूरी है. एमडीए राउंड में सभी सहयोगी संस्थाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होगी. उक्त बातें अपर निदेशक सह राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, फाइलेरिया डॉ. परमेश्वर प्रसाद ने गुरुवार को एक स्थानीय होटल में आयोजित राज्य स्तरीय टीओटी की अध्यक्षता करते हुए कही.

डॉ. परमेश्वर ने सभी प्रतिभागियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने जिलों में कैंप मोड में हाइड्रोसील का ऑपरेशन शत-प्रतिशत सुनिश्चित कराते हुए मार्च 2025 तक राज्य को हाइड्रोसील मुक्त कराने में सहयोग करें.

डॉ. राजेश पांडेय, डब्ल्यूएचओ के स्टेट एनटीडी कोऑर्डिनेटर, ने कहा कि फाईलेरिया उन्मूलन की मुहिम में सीएचओ को प्रभावी रूप से शामिल करने एवं उनको प्रशिक्षित करने से एमडीए में सहयोग से लेकर फाईलेरिया मरीजों के स्टेज चिन्हित करने में मदद मिलेगी. उन्होंने जोर देते हुए कहा कि शत-प्रतिशत फाइलेरिया रोधी दवा सेवन से ही फाइलेरिया प्रसार चक्र को तोड़ा जा सकता है.

सीतामढ़ी के जिला वेक्टर बोर्न डिजिज कण्ट्रोल ऑफिसर डॉ आरके यादव ने फाईलेरिया उन्मूलन के लिए एमडीए के साथ एमएमडीपी क्लिनिक का बेहतर क्रियान्वयन भी जरुरी है. बिहार ने फाईलेरिया उन्मूलन में महत्वपूर्ण योगदान दिया. बिहार के सीतामढ़ी में पहली बार 2018 में एमडीए का माइक्रोप्लान बना.

# सहकार भारती की प्रदेश इकाई ने अगले साल के अंत तक हर प्रखंड में कम से कम पांच एफपीओ (फार्मर प्रोड्यूसर ऑगेनाईजेशन) गठित करने का लक्ष्य रखा है

**पटना (संवाददाता )।** सहकारी समितियां आय के उच्च स्तर और प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रोजगार को बढ़ावा देने में कारगर भूमिका अदा कर सकती हैं। देश के सभी 750 जिलों के 75 फीसदी से अधिक गांवों और बस्तियों तक सहकारी समितियों की पहुंच है। जीवंत सहकारी आंदोलन और ह्यसहकार से समृद्धिह्ण के दृष्टिकोण को सच में बदलने के लिए सहकारी समितियों के लिए राष्ट्रीय प्रशिक्षण नीति का निर्माण बेहद जरूरी है। अगले 3 से 5 वर्षों में देश के सभी जिलों में नए जिला केंद्रीय सहकारी बैंकों (डीसीसीबी) की स्थापना होनी चाहिए। सहकारिता के उत्थान के लिए केंद्र सरकार द्वारा लागू की गईं नीतियां और कार्यक्रम स्वागतयोग्य हैं। सहकारिता के बूते ही भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है। अमृतसर में आयोजित सहकार भारती के 8वें राष्ट्रीय अधिवेशन में पारित चार प्रस्तावों के ये प्रमुख बिन्दु रहे।

यह जानकारी गुरुवार को दीप नारायण सिंह संस्थान में हुई प्रेस वार्ता में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रामदयाल सिंह और महामंत्री शशिबाला रावल ने दी। दोनों ने बताया कि 6 से 8 दिसम्बर तक आयोजित तीन दिवसीय अधिवेशन का औपचारिक उद्घाटन पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया ने किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले, सहकार भारती के निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष दीनानाथ ठाकुर,




राष्ट्रीय संगठन मंत्री संजय पाचपोर ने कार्यकताओं को संगठन को सशक्त करने का मंत्र दिया। वक्ताओं ने सहकारिता में व्याप्त भ्रष्टाचार व परिवारवाद के उन्मूलन और संस्कार आधारित सहकारिता पर जोर दिया। समापन सत्र के मुख्य अतिथि केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने सहकार भारती की स्मारिका का विमोचन किया। अधिवेशन में देश भर से आए 2500 से अधिक प्रतिनिधियों ने शिरकत की। अधिवेशन के दौरान महाराष्ट्र के डॉ. उदय जोशी को राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा बिहार के दीपक चौरसिया को सर्वसम्मति से अगले तीन साल के लिए राष्ट्रीय महामंत्री चुना गया। उर्वरक के क्षेत्र में अनुसंधान व विशिष्ट योगदान के लिए इफको के प्रबंध निदेशक डॉ. उदयशंकर अवस्थी को फर्टिलाइजर मैन ऑफ इंडिया के सम्मान से नवाजा गया।

प्रेस वार्ता में दोनों कार्यकताओं ने बताया कि बिना संस्कार नहीं सहकार, बिना सहकार नहीं उद्धार के मूल मंत्र के साथ सहकार भारती की प्रदेश इकाई ने अगले साल के अंत तक हर प्रखंड में कम से कम पांच एफपीओ (फार्मर प्रोड्यूसर ऑगेर्नाइजेशन) गठित करने का लक्ष्य रखा है। जो काम पैक्स नहीं कर सकेंगे, उन्हें एफपीओ पूरा करेंगे। इसके अलावा महिला दूध उत्पादक सहकारी समिति, मखाना किसान उत्पादक सहकारी समिति, मत्स्य उत्पादक सहकारी समिति, सब्जी कोऑपरेटिव, मशरूम कोऑपरेटिव, जिलावार क्रेडिट कोऑपरेटिव का निर्माण किया जाएगा। आय में वृद्धि के लिए महिलाओं और छोटे किसानों को प्रशिक्षण देने और उनके उत्पादों को बाजार में बेचने की व्यवस्था कराने की भी योजना है। सहकारिता के क्षेत्र में व्याप्त अनियमितताओं को समाप्त करने की दिशा में भी संगठन पूरी ईमानदारी से काम कर रहा है।

इस दौरान प्रदेश टीम की ओर से सहकार भारती के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय महामंत्री दीपक चौरसिया को भूमि विकास बैंक का नामित निदेशक बनाए जाने पर शुभकामनाएं प्रेषित की गई। प्रेस वार्ता में सह संगठन प्रमुख रौशन कुमार रौनक के अलावा अन्य पदाधिकारी भी मौजूद थे।